कार्यालय वनमण्डलाधिकारी,इन्दौर वनमण्डल,इन्दौर

फॉरेस्ट केम्पस,नवरतनबाग, इन्दौर, म.प्र.– 452001

Tel. (O) 0731-2490239 E-mail : dfoindore@mpforest.org

क्रमांक/भण्डार/2024/5131 इन्दौर,दिनांक27/06/2024

वन मण्डल इंदौर अंतर्गत निम्नानुसार कार्य किए जाने हेतु निविदा दर की सूचना ई–टेंडरींग पद्धति से पोर्टल https://mptenders-gov-in/ पर देख सकते हैं। निविदा का विवरण निम्नानुसार है :–

क्र	ई टेन्डर	कार्य का विवरण	अनुमानित राशि	अमानत राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य समयावधि
1	2	3	4	5	6	7
1	DFOINDORE/TENDER/2024/10	वनमण्डल इंदौर अंतर्गत वानिकी कार्यों हेतु सामग्री क्रय	1 cr	2,00,000/-	2,000/-	12 माह

समस्त निविदाकारों को निम्न शर्तो का पालन करना अनिवार्य है।

1. निविदादाता निविदा की सूचना की विस्तृत जानकारी एवं अन्य संबंधित जानकारी वेबसाईट http://www-mptenders-gov-in एवं विभाग की वेबसाईट https://www.mpforest.gov.in/ पर देख सकते हैं।
2. समस्त दरें सम्पूर्ण वित्तीय वर्ष 2024–2025 हेतु लागू रहेंगी। सामग्री की बाजार मे दरों में परिवर्तन होने से निविदा दर में कोई परिवर्तन नहीं किया जावेगा । अतः सफल निविदाकार को सामग्री की आपूर्ति स्वीकृत निविदा दरों अनुसार सम्पूर्ण वित्तीय वर्ष 2024–2025 हेतु करनी होगी।
3. निविदाकर्ता को अपने वर्तमान में संचालित हो रहे मोबाईल नंबर (जिस पर दूरभाष से संपर्क हो सके एवं व्हाट्सप्प संचालित हो) एवं ईमेल की जानकारी देना आवश्यक होगा। निविदाकार को जो पत्राचार उक्त मोबाईल पर व्हाट्सप्प के द्वारा एवं ईमेल के द्वारा किया जावेगा उस पत्र को तामील माना जावेगा।
4. निविदा संबंधी समस्त दस्तावेज ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से ही स्वीकार किए जाएँगे।
5. निविदा में कोई भी संशोधन वेबसाईट पर प्रकाशित किया जावेगा।
6. सामग्री निर्माण/कार्य स्थल पर पहुचाने की जिम्मेदारी निविदाकार की होगी। सफल निविदाकार को मात्र उसके द्वारा सामग्री के मूल्य का भुगतान स्वीकृत निविदा दर के अनुसार किया जावेगा। सामग्री निर्माण स्थल पर पहुचाने का भाड़ा, लोडिंग एवं अनलोडिंग निविदाकार को वहन करना होगा।
7. सामग्री हेतु न्यूनतम दर पर अन्य निविदाकार यदि सहमति देते हैं तो उन्हे पेनल बना कर उसी दर पर सामग्री प्रदाय करने हेतु आदेश दीया जावेगा। प्रदाय मात्र संबंधी निर्णय वन मण्डल अधिकारी का होगा जो की अंतिम होगा।
8. समस्त कर सहित सामग्री की दर दी जावे। निविदा पत्र (BOQ) में CGST,SGST एवं अन्य लागू होने वाले समस्त कर सहित दर अंकित करें।
9. किसी भी सामग्री की दर प्रचलित बाजार दर से अत्यधिक कम/अधिक होने की स्थिति में निविदा निरस्त करने का अधिकार वनमण्डल अधिकारी इंदौर के पास होगा।

10. सामग्री की मात्रा में कमी या अधिक आवश्यकता अनुसार करने का अधिकार वनमण्डल अधिकारी इंदौर के पास सुरक्षित रहेगा। निविदा में उल्लेखित सामग्री अनुमानित है जिसकी मात्रा आवश्यकतानुसार कम/ज्यादा की जा सकती है।

11. मांग अनुसार सामग्री मय बिल की आपूर्ति 3 दिवस में प्रदाय करना अनिवार्य होगा। अन्यथा निविदा निरस्त की जावेगी। इसके अतिरिक्त निविदाकार को ब्लैक लिस्ट कर Performance Security Deposit शासन हित में राजसात की जावेगी।

12. निविदाकार द्वारा सामग्री समय पर प्रदाय नहीं करने की दशा में शासन/वनमण्डल को हुई क्षति की जिम्मेदारी निविदाकार की होगी। क्षति की सम्पूर्ण राशि निविदाकार से वसूल होगी।

13. आयकर एवं अन्य समस्त देय करों के भुगतान की राशि वनमण्डल से देय भुगतान से काटी जा सकेगी।

14. सामग्री का प्रदाय आदेश आवश्यकतानुसार समय समय पर दिया जावेगा।

15. अधोहस्ताक्षरकर्ता को अधिकार होगा की वह बिना कारण बताए निविदा निरस्त कर सकता है।

16. निविदाकार किसी शासकीय विभाग/अर्द्धशासकीय/निगम/मण्डल में कार्य करने का अनुभव प्रमाण पत्र निविदा के साथ संलग्न करे।

17. कोई भी पंजीकृत फर्म ही निविदा में भाग लेने हेतु पात्र होगी।

18. प्रत्येक निविदाकार कहीं भी ब्लैक लिस्ट न होने का self&certification प्रस्तुत करेंगे। प्रस्तुत नहीं करने पर निविदा मान्य नहीं होगी।

19. आनलाईन निविदा की टेन्डर फीस राशि रुपये 2000/— एवं आनलाईन EMD राशि रुपये 2,00,000/— रहेगी। चयनित निविदाकार द्वारा निविदा में दर्शित सामग्री की Performance Security Deposit रुपये 2,00,000 राष्ट्रीयकृत बैंक के FDR/DD के रूप में वनमण्डल अधिकारी, वनमण्डल इंदौर के पक्ष में बना कर जमा करना होगा। Performance Security Deposit जमा होने उपरांत ही निविदा आवंटित की जावेगी।

20. सामग्री का भौतिक सत्यापन उपवनमंडल अधिकारी/वन परिक्षेत्र अधिकारी द्वारा किया जावेगा। भौतिक सत्यापन होने उपरांत ही भुगतान की कार्यवाही की जावेगी।

21. सभी सामग्री उच्च गुणवत्ता की होना आवश्यक है। उत्कृष्ट गुणवत्ता पाए जाने पर ही निविदा शर्त अनुसार भुगतान देय होगा।

22. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी।

23. नैसर्गिक एवं प्राकृतिक दुर्घटना के लिए वनमण्डल कोई जवाबदारी वहन नहीं करेगा।

24. किसी भी विवाद की स्थिति में वनमण्डल अधिकारी इंदौर का निर्णय अंतिम एवं बंधनकारी होगा।

25. उपरोक्तानुसार किसी भी निविदा शर्त के उल्लंघन पर Performance Security Deposit राजसात योग्य होगी।

26. निविदाकार 100 रु के स्टाम्प पर यह शपथ पत्र प्रस्तुत करेगा की उसे निविदा की समस्त शर्ते मान्य हैं।

27. निविदा मे भाग सिर्फ ऑनलाइन माध्यम से दिनांक 27.06.2024 से 03.07.2024 शाम 15.00 बजे तक किया जा सकता है।

28. निविदा खोलने की तिथि 04.07.2024 शाम 15:00 बजे रहेगी।

(महेंद्र सिंह सोलंकी)
(भा. व. से.)
वनमण्डल अधिकारी
इंदौर वनमण्डल